**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 26.03.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण,जागरूक एक्सप्रेस,ज्ञानशिखा टाइम्स जनवार्ता," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

अमर उजाला –दि0 26.03.2026

# जवाहरलाल नेहरू कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का तैयार किया जाएगा नया लेआउट

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** जवाहरलाल नेहरू कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के विकास एवं सुव्यवस्थित पुनर्विकास के संबंध में बुधवार को वीडीए में बैठक हुई। इसमें वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कॉम्प्लेक्स के वर्तमान ढांचे, व्यापारिक गतिविधियों तथा वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त फीडबैक एवं व्यापारियों के सुझावों के आधार पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का एक नया और व्यवस्थित लेआउट तैयार किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस लेआउट के माध्यम से परिसर में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के साथ-साथ यातायात, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए विस्तृत डॉक्यूमेंटेशन भी तैयार किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जा सके। बैठक में उपस्थित व्यापारियों के साथ भी विस्तृत वार्ता की गई। व्यापारियों ने परिसर में व्याप्त

## बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कुछ समस्याएं, अपने सुझाव एवं अपेक्षाएं प्रस्तुत कीं। उपाध्यक्ष ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

वर्तमान में मौजूद व्यवसायियों को प्राथमिकता देते हुए स्थापित करने की नीति अपनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, परिसर में आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास का भी निर्णय लिया गया है। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार करें। विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। वीडीए की ओर से जवाहरलाल नेहरू कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुव्यवस्थित एवं व्यापारिक दृष्टि से अधिक उपयोगी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 26.03.2026

# वीडीए को दो टाउनशिप के लिए मिले चार सौ करोड़

## मढ़नी में 80 और गंजारी में आठ बीघा जमीन की रजिस्ट्री

- कल्लीपुर में 85 काश्तकारों को 86 करोड़ देने के साथ 40 बीघा जमीन की कराई रजिस्ट्री
- जमीन खरीदने की प्रक्रिया नहीं हो बंद, नई टाउनशिप को वीडीए बनाए ड्रीम प्रोजेक्ट

जेपी पांडेय • जागरण -

वाराणसी : दो दशक बाद गंजारी और मढ़नी में बसाई जा रही नई टाउनशिप में तेजी लाने के लिए शासन ने चार सौ करोड़ रुपये वाराणसी विकास प्राधिकरण को जारी कर दिए हैं। इसमें मढ़नी और गंजारी को दो-दो सौ करोड़ रुपये मिले हैं। वीडीए अभी तक गंजारी में आठ बीघा और मढ़नी में 80 बीघा जमीन खरीद चुका है। कुल 127 काश्तकारों को 148 करोड़ रुपये मुआवजा बांटा जा चुका है। इसके अलावा कल्लीपुर में 85 काश्तकारों को 86 करोड़ रुपये देने के साथ 40 बीघा जमीन की रजिस्ट्री करा चुका है। यहां के लिए अगले वित्तीय वर्ष में शासन ने बजट देने को कहा है। साथ में यह भी कहा है कि जमीन खरीदने की प्रक्रिया बंद नहीं हो। वीडीए नई टाउनशिप को ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में बनाए।

वीडीए ने शहरवासियों की सुविधा को लेकर कई कालोनियों संग फ्लैट बनाए लेकिन आज उनकी हालत काफी दयनीय हो चुकी है। वजह उस दौरान जिम्मेदारों ने गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया। इधर दो दशक से वीडीए ने कोई कालोनी नहीं बसाई। बड़ालालपुर आवासीय योजना आखिरी टाउनशिप रही।

वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ नई टाउनशिप को लेकर प्रयास शुरू किया। दो महीने के अंदर वीडीए को बड़ी सफलता मिली और लगातार जमीन की रजिस्ट्री हो रही है। जमीन खरीदने के लिए वीडीए उपाध्यक्ष ने तीनों नई टाउनशिप के लिए दो-दो सौ करोड़ रुपये मांगे थे लेकिन कल्लीपुर को अगले वित्तीय वर्ष में बजट देने की बात कहते हुए दो टाउनशिप के लिए चार सौ करोड़ जारी कर दिया है।




मढ़नी में प्रस्तावित नई टाउनशिप का तैयार माडल • स्रोत-वीडीए

### एक नजर में योजना

| | |
|---|---|
| **मढ़नी** | |
| प्रस्तावित क्षेत्रफल | 165 एकड़ |
| जमीन की रजिस्ट्री | 80 बीघा |
| मुआवजा दिया | 132 करोड़ |
| काश्तकार की संख्या | 102 |
| लैंड पुलिंग में | छह बीघा |
| **गंजारी में स्पोर्ट्स सिटी** | |
| प्रस्तावित क्षेत्रफल | 155 एकड़ |
| जमीन की रजिस्ट्री | आठ बीघा |
| मुआवजा दिया | 16 करोड़ |
| काश्तकारों की संख्या | 25 |
| **कल्लीपुर** | |
| प्रस्तावित क्षेत्रफल | 168 एकड़ |
| जमीन की रजिस्ट्री | 40 बीघा |
| मुआवजा दिया | 86 करोड़ |
| काश्तकारों की संख्या | 85 |



मढ़नी और गंजारी में प्रस्तावित नई टाउनशिप के लिए शासन ने दो-दो सौ करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। बजट मिलने से जमीन की रजिस्ट्री कराने में संकट नहीं आएगा। हालांकि, मढ़नी में 80 बीघा जमीन की रजिस्ट्री कराने के साथ मार्च तक 100 बीघा जमीन खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। गंजारी और कल्लीपुर में भी जमीन की रजिस्ट्री कराई जा रही है।

–पुर्ण बोरा, उपाध्यक्ष, वीडीए।

### अवैध प्लाटिंग पर पैनी नजर

नई टाउनशिप बसाने का आदेश होते ही विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने उन क्षेत्रों में चक्रमण करने के साथ जमीन की अवैध प्लाटिंग करने वालों पर नजर रखना शुरू कर दी है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


जागरूक एक्सप्रेस–दि0 26.03.2026

## कैंट स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स के विकास को लेकर वीडीए में बैठक

जिला प्रतिनिधि

**वाराणसी (जागरूक एक्सप्रेस)।** जवाहरलाल नेहरू कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के विकास एवं सुव्यवस्थित पुनर्विकास के संबंध में बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कॉम्प्लेक्स के वर्तमान ढांचे, व्यापारिक गतिविधियों तथा वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त फीडबैक एवं व्यापारियों के सुझावों के आधार पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का एक नया और व्यवस्थित लेआउट तैयार



किया जाए। इस लेआउट के माध्यम से परिसर में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के साथ-साथ यातायात, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए विस्तृत डॉक्यूमेंटेशन भी तैयार किया जाएगा ताकि विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जा सके। बैठक में उपस्थित व्यापारियों के साथ भी विस्तृत वार्ता की गई। व्यापारियों द्वारा परिसर में व्याप्त कुछ समस्याओं अपने सुझाव एवं अपेक्षाएं प्रस्तुत की गईं।

जागरूक एक्सप्रेस–दि0 26.03.2026

# वीडीए का रजिस्ट्री कैंप संपन्न




जिला प्रतिनिधि

**वाराणसी (जागरूक एक्सप्रेस)।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण वोरा के निर्देश के क्रम में दिनांक 23,24 तथा 25 मार्च को प्राधिकरण सभागार में विशेष रजिस्ट्री कैंप सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर संपत्ति अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में रजिस्ट्री प्रक्रिया संपन्न कराई गई। नवरात्रि के शुभ अवसर पर आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विशेष रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिससे प्राधिकरण के आवंटियों/लाभार्थियों को एक ही स्थान पर सरल, सुगम एवं त्वरित रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। कैंप के पहले दिन कुल 25, 30, दूसरे दिन 50 तथा तीसरे दिन 52 आवंटियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से पहले दिन 06, दूसरे दिन 13 तथा तीसरे दिन 17 आवंटियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कराई गई। शेष प्रतिभागियों के अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताओं के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया, ताकि वे आगामी दिनों में अपनी रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण करा सकें। इस विशेष रजिस्ट्री कैंप का आयोजन दिनांक 23 से 25 मार्च तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में किया गया। कैंप के माध्यम से पूर्ण भुगतान कर चुके आवंटियों को रजिस्ट्री से संबंधित सभी औपचारिकताएं एक ही स्थान पर पूरी करने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 26.03.2026

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने की बैठक

वाराणसी। जवाहरलाल नेहरू कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के विकास एवं सुव्यवस्थित पुनर्विकास के संबंध में वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कॉम्प्लेक्स के वर्तमान ढांचे, व्यापारिक गतिविधियों तथा वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त फीडबैक एवं व्यापारियों के सुझावों के आधार पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का एक नया और व्यवस्थित लेआउट तैयार किया जाए। इस लेआउट के माध्यम से परिसर में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के साथ-साथ यातायात, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए विस्तृत डॉक्यूमेंटेशन भी तैयार किया जाएगा ताकि विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जा सके।बैठक में उपस्थित व्यापारियों के साथ भी विस्तृत वार्ता की गई। व्यापारियों द्वारा परिसर में व्याप्त कुछ समस्याओं अपने सुझाव एवं अपेक्षाएं प्रस्तुत की गईं। उपाध्यक्ष महोदय ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हल्द से जल्द आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। वर्तमान में मौजूद व्यवसाईयों को प्राथमिकता देते हुए पुन: स्थापित करने की नीति अपनाई जाएगी।इसके अतिरिक्त, परिसर में आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास का भी निर्णय लिया गया है। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार करें तथा विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा जवाहरलाल नेहरू कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुव्यवस्थित एवं व्यापारिक दृष्टि से अधिक उपयोगी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्राधिकरण का उद्देश्य व्यापारियों एवं आमजन को बेहतर और सुरक्षित व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराना है।



## जनवार्ता–दि0 26.03.2026

# नवरात्रि पर वीडीए की पहल, एक ही स्थान पर मिली रजिस्ट्री सुविधा



**वाराणसी (जनवार्ता)**। वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से 23 से 25 मार्च तक प्राधिकरण सभागार में आयोजित विशेष रजिस्ट्री कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के निर्देश पर आयोजित इस कैंप में संपत्ति अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई गई। वही नवरात्रि के अवसर पर आमजन की सुविधा के लिए लगाए गए इस कैंप में तीन दिनों में कुल 132 आवंटियों ने भाग लिया। इनमें पहले दिन 25, दूसरे दिन 50 और तीसरे दिन 52 लोग शामिल हुए। इस दौरान पहले दिन 6, दूसरे दिन 13 और तीसरे दिन 17 आवंटियों की रजिस्ट्री पूरी कराई गई। इसमें शेष आवेदकों के अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताओं के लिए मार्गदर्शन दिया गया। जहाँ कैंप प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुआ। जिसमें पूर्ण भुगतान कर चुके आवंटियों को एक ही स्थान पर रजिस्ट्री की सुविधा दी गई। प्राधिकरण ने प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने के निर्देश दिए हैं तथा आवंटियों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की है।